उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना / विज्ञप्ति

उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर कुशल खिलाड़ियों की सीधी भर्ती–2022 अभिलेखों की संवीक्षा एवं खेल कौशल परीक्षण के आयोजन का आयोजन ''एथलेटिक्स'' खेल विधा के अभ्यर्थियों के ''प्रवेश पत्र'' का प्रकाशन

संख्याः पीआरपीबी–एक–कु0खि0(09) / 2022 दिनांकः जनवरी 05 ,2022

उत्तर प्रदेश पुलिस (कुशल खिलाड़ियों) की भर्ती एवं बिना पारी पदोन्नति नियमावली ,2021 के अधीन उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर कुशल खिलाड़ियों की सीधी भर्ती–2022 की सूचना / विज्ञप्ति संख्या–पीआरपीबी–एक–कु0खि0 (02) / 2022,दिनांकः28.09.2022 के अनुक्रम में सूचना / विज्ञप्ति संख्या–पीआरपीबी–एक–कु0खि0 (09) / 2022, दिनांकः30.12.2022 द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा इस भर्ती हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की आरम्भिक स्क्रूटनी (Initial scrutiny) के उपरान्त अग्रिम प्रक्रिया के लिए पात्र पाये गये अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन बोर्ड की वेबसाइट पर किया गया है।

2– तदनुक्रम में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर कुशल खिलाड़ियों की सीधी भर्ती–2022 के अन्तर्गत **''एथलेटिक्स''** खेल विधा के अभिलेखों की संवीक्षा एवं खेल कौशल का परीक्षण निम्नानुसार कराये जाने का निर्णय लिया गया हैः–

क0सं0	खेल	निर्धारित स्थल	निर्धारित तिथि
1	एथलेटिक्स	भारतीय खेल प्राधिकरण, लखनऊ(SAI), रीजनल सेण्टर, कानपुर रोड, लखनऊ एवं 35 वीं वाहिनी पीएसी, महानगर, लखनऊ।	08.01.2023 से 12.01.2023

3– **''एथलेटिक्स''** खेल विधा के अभ्यर्थियों के **''अभिलेखों की संवीक्षा एवं खेल कौशल परीक्षण''** के **''प्रवेश पत्र''** बोर्ड की वेबसाइट "http://uppbpb.gov.in/" पर अपलोड कर दिए गये हैं।

4– अभ्यर्थीगण बोर्ड की वेबसाइट पर दिए गये लिंक पर जाकर अपना आधार नम्बर एवं जन्म तिथि की प्रविष्टि कर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करके अपने प्रवेश पत्र पर निर्धारित स्थान पर कलर फोटो चिपका कर अभिलेखों की संवीक्षा एवं खेल कौशल परीक्षण हेतु निर्धारित तिथि / समय पर प्रवेश पत्र एवं प्रवेश पत्र में अंकित मूल अभिलेखों / प्रमाण पत्रों व आधार कार्ड के साथ परीक्षा केन्द्र पर पहुँचना सुनिश्चित करेगें। अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वह अपने प्रवेश पत्र में अंकित महत्वपूर्ण निर्देशें का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये निर्धारित परीक्षण स्थान पर नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होना सुनिचित करें।

5– अभ्यर्थियों से यह भी अपेक्षा की जाती है वे अग्रेतर **महत्वपूर्ण निर्देशों** हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट "http://uppbpb.gov.in/" का नियमित अवलोकन करते रहें। अभ्यर्थियों के परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचना / निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त की जायेगी।

05/1/23

अपर सचिव (भर्ती)
उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।